आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.06.2026   समय : 02.10PM

खेत बचाओ अभियान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले के रामसिया से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान की शुरुआत की। 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती, नकली खाद, बीज और कीटनाशकों की पहचान करने के बारे में किसानों को जागरूक किया जाएगा। पेश है

पीएम स्वनिधि

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी-पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता देश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि वर्ष 2020 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक एक करोड़ 12 लाख से अधिक ऋण दिए गए हैं।

हाईकोर्ट न्यायधीश

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को नया कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मिल गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, वर्तमान न्यायाधीश विवेक रूसिया

को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बदलाव मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति होने के कारण हुआ है। नवनियुक्त कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया मूल रूप से जबलपुर के ही रहने वाले हैं।

मौसम

अब खबर मौसम की, नौतपा के सातवें दिन कल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं का असर बना रहा। इससे तापमान में भी कमी आई है। ज्यादातर जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। शाजापुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पचमढ़ी में सबसे कम 34.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। पन्ना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कल तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे भीषण गर्मी और तपती धूप से लोगों को राहत मिली।

मौसम विभाग ने आज धार और खरगोन जिलों में ओलावृष्टि और तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

समाचार संक्षेप में...

- प्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता-यूसीसी के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की कल आगरमालवा में बैठक आयोजित की गई।

- प्रशासन आपके द्वार अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के दूरस्थ ग्राम कामती में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।
- शिवपुरी में पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए वार्डों में निरीक्षण के लिए अधिकारी पहुंचे, शहर में टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा है।
- खंडवा पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 290 लीटर शराब और बीयर जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैA